प्रधानमंत्री ने वर्चुअली झारखंड में स्वास्थ्य परियोजनाओं की नींव रखी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में करीब **177 करोड़ रुपए की विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं** का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया।

मुख्य बिंदु:

- पीएम-एभीएम (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन) के तहत, परियोजनाओं में दो नर्सिंग कॉलेज, चार क्रिटिकल केयर ब्लॉक (CCB) और तीन ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (BPHU) शामिल हैं।
  - **नर्सिंग कॉलेजों** का निर्माण कोडरमा मेडिकल कॉलेज और फूलो झानो मेडिकल कॉलेज **दुमका** में किया जाएगा।
  - चार **CCB** चार अलग-अलग ज़िलों में स्थापित किये जाएंगे, जिनमें एक **राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज (RIMS), राँची** भी शामिल है।
  - **देवघर ज़िले** में तीन **BPHU** की स्थापना की जायेगी।

पीएम-एभीएम (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन)

- **वर्ष 2021** में लॉन्च की गई, यह देश भर में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी अवसंरचना को मज़बूत करने के लिये**सबसे बड़ी अखिल भारतीय योजनाओं** में से एक है।
- **इसके उद्देश्य में शामिल हैं:**
  - **शहरी और ग्रामीण** दोनों क्षेत्रों में एक मज़बूत **सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी अवसंरचना** सुनिश्चित करना, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों या बीमारी के प्रकोप का जवाब देने में सक्षम हो।
  - ब्लॉक, ज़िला, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के माध्यम से एक**IT-सक्षम रोग निगरानी प्रणाली** स्थापित करना।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-virtually-lays-foundation-of-health-projects-in-jharkhand